निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

14 पौष 1939 (श0)
(सं0 पटना 20) पटना, वृहस्पतिवार, 4 जनवरी 2018

सं० 01(स्था०)–सू०प्रा०–15 / 2012–1739

सूचना प्रावैधिकी विभाग

संकल्प

29 दिसम्बर 2017

विषय :– राज्य सरकार के अधीन बेल्ट्रॉन द्वारा आउट सोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों में उपलब्ध कराये गये विभिन्न कोटि के कर्मियों के लिए पारिश्रमिकी के निर्धारण हेतु परीक्षा की प्रक्रिया, मार्गदर्शन, सिद्धान्त एवं विस्तृत पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधन।

राज्य सरकार के अधीन बेल्ट्रॉन द्वारा चयनित सर्विस प्रोभाईडर के माध्यम से विभिन्न विभागों में उपलब्ध कराये गये विभिन्न कोटि के कर्मियों यथा प्रोग्रामर, स्टोनोग्राफर, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं आई०टी० ब्याय (आदेशपाल) को दिये जाने वाली पारिश्रमिकी के संबंध में विभागीय आदेश–1270 दिनांक 28.09.2012 निर्गत है। इन कर्मियों को विभिन्न श्रेणी में वर्गीकृत करते हुए उनके पारिश्रमिक राशि का निर्धारण किया गया। इसी क्रम में विभागीय संकल्प सं०–1270 दिनांक 28.09.2012 के द्वारा विभिन्न कोटि के कर्मियों के लिए पारिश्रमिक निर्धारण हेतु दक्षता परीक्षा की प्रक्रिया, सिद्धान्त एवं विस्तृत पाठ्यक्रम का निरूपण किया गया।

ज्ञातव्य है कि बेल्ट्रॉन के द्वारा चयनित एजेंसी के माध्यम से इन कर्मियों की सेवा विभिन्न विभागों एवं अधिनस्थ कार्यालयों में उपलब्ध करायी जाती है, जिसके विरूद्ध इन एजेंसियों को भुगतान भी बेल्ट्रॉन के द्वारा ही किया जाता है। इस कार्य हेतु बेल्ट्रॉन के द्वारा सर्विस चार्ज वसूल किया जाता है।

चूँकि बाह्य सेवा के आधार पर कार्यरत इन कर्मियों की दक्षता एवं गुणवत्ता बनाए रखने हेतु बेल्ट्रॉन एवं चयनित एजेंसी ही उत्तरदायी है, इसलिए सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया जाता है कि इन कर्मियों के दक्षता आधारित पारिश्रमिक की समुचित व्यवस्था एवं प्रक्रिया का निर्धारण बेल्ट्रॉन के द्वारा ही किया जाएगा।

विभागीय संकल्प संख्या–1270 दिनांक 28.09.2012 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

आदेशः– ***आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय और इसकी प्रति सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/प्रमंडलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारी/ अनुमंडल पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जाय।***

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राहुल सिंह,
सरकार के सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित,
बिहार गजट (असाधारण) 20-571+300-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in